# चालू खरीफ विपणन वर्ष में 21.77 लाख किसानों से 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

- पिछले वर्ष की तुलना में 1.23 लाख अधिक किसानों ने बेचा धान, 1.61 लाख हेक्टेयर अधिक रकबे में हुई खरीदी
- धान खरीदी के एवज में किसानों को लगभग 20 हजार करोड़ का भुगतान
- अनेक चुनौतियों के बावजूद धान खरीदी के लिए राज्य सरकार ने की बारदानों की व्यवस्था
- तीन वर्षों में समर्थन मूल्य में धान खरीदी सहित अलग-अलग योजनाओं के जरिए किसानों को दिलाया फायदा

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के किसान हितैषी फैसलों से साल दर साल धान खरीदी का नया कीर्तिमान बन रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर अब खेती-किसानी छत्तीसगढ़ में लाभकारी व्यवसाय बन गया है, इससे प्रदेश के किसानों की चिंता दूर हुई है। उल्लेखनीय है कि चालू खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में 21.77 लाख किसानों से सुगमतापूर्वक लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में किसानों को इस वर्ष लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की गई है। इस वर्ष 173 नये धान उपार्जन केन्द्रों के साथ कुल 2484 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की गई है। धान खरीदी के लिए सरकार की सराहनीय पहल और नीतियों को किसानों ने काफी सराहा है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 2020-21 में 2311 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 20.53 लाख किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 92.02 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। विगत वर्ष 2020-21 किसानों से 24.87 लाख हेक्टेयर में धान खरीदी की गई थी। जबकि वर्ष 2021-22 में 26.48 लाख हेक्टेयर में धान की खरीदी की गई। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 01 लाख 23 हजार 819 अधिक किसान लाभान्वित हुए एवं 01 लाख 61 हजार हेक्टेयर अधिक रकबे में खरीदी सुचारू रूप से की गई। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग 5.96 लाख मीट्रिक टन अधिक धान खरीदी की गई।

मुख्यमंत्री की पहल पर अनेक चुनौतियों के बावजूद बारदाना व्यवस्था करने में भी राज्य सरकार ने सफलता हासिल की है। खरीफ वर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ की जरूरत से काफी कम मात्र 2 लाख 11 हजार 941 गठान बारदाना जूट कमिश्नर से प्राप्त हुआ। इसी तरह विगत वर्ष 2020-21 में केवल 01 लाख 9 हजार 696 गठान प्राप्त हुए थे। इस वर्ष छत्तीसगढ़ विपणन संघ एवं खाद्य संचालनालय के अथक प्रयास से 01 लाख 02 हजार 245 गठान अतिरिक्त जूट बारदाना प्राप्त हुए, जिससे खरीदी सुगमता पूर्वक हुई।

मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ की कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव खरीदी शुरू होने के साथ ही प्रारंभ कर दिया गया था। मुख्यमंत्री बघेल ने राईस मिलरों का उत्साहवर्धन करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा करने के लक्ष्य को पूरा करने का आव्हान किया, जिसके परिणाम स्वरूप खरीफ वर्ष 2021-22 में 31 मार्च की स्थिति में 97.98 लाख मीट्रिक टन में से 75 लाख मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी हुआ। इस प्रकार 76.54 प्रतिशत धान सीधे समिति से उठाव कर लिया गया है। जबकि विगत वर्ष 2020-21 में 31 मार्च की स्थिति में 92.01 लाख मीट्रिक टन में से 46 लाख मीट्रिक टन का डी.ओ. जारी किया गया था। इस प्रकार 49.99 प्रतिशत धान का डी.ओ. समिति से जारी हुआ था। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष मिलरों द्वारा धान समिति से 26.55 प्रतिशत अधिक उठाव किया गया।

उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव के साथ-साथ कस्टम मिलिंग व्यवस्था में भी तेजी से काम किया जा रहा है। खरीफ वर्ष 2021-22 में 31 मार्च की स्थिति में भारतीय खाद्य निगम में 17.88 लाख मीट्रिक टन में चावल और नागरिक आपूर्ति निगम में 15.85 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया गया। वहीं विगत वर्ष 2020-21 में 31 मार्च की स्थिति में भारतीय खाद्य निगम में 8.49 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 15.67 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया गया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### कुसमुण्डा और गेवरा क्षेत्र में संयुक्त सचिव का दौरा

**कोरबा।** कोल इंडिया को एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा से भविष्य के लिए काफी उम्मीदें हैं। केंद्रीय अधिकारियों के दौरे इसी कड़ी में हो रहे हैं। विस्मिता तेज संयुक्त सचिव कोयला मंत्रालय ने गेवरा क्षेत्र एवं कुसमुंडा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधको एसके मोहंती एवं संजय मिश्रा से संक्षिप्त चर्चा एवं विमर्श उपरांत सबसे पहले कुसमुंडा खदान का निरीक्षण किया, जहाँ कोल हैंडलिंग प्लांट, साइलो एवं कोल स्टॉक तथा कोल क्रशिंग का अवलोकन किया। तदउपरांत गेवरा खदान का निरीक्षण किया। जहाँ साइलो, कोल हैंडलिंग प्लांट का अवलोकन किया संयुक्त सचिव महोदया ने दोनो खदानो के खननं विकास कार्यों की समीक्षा की तथा उक्त कार्यों में तेज़ी लाने एवं समयानुरूप पूर्ण करने हेतु दिशा.निर्देशित किया

### राईस मिल में लगी आग ,10 लाख का माल स्वाहा

**सूरजपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में अन्नपूर्णा एग्रो राइस मिल में भीषण आग लग गई, जिस पर काबू पाने के लिए मौके पर कोरिया और सरगुजा जिले की टीम ने 3 दमकल गाड़ी आग बुझाने आई। जानकारी के अनुसार लगभग रात 3:00 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अन्नपूर्णा एग्रो राइस मिल की भूसी गोदाम में आग लगा दी गई सुबह 4:00 बजे मिल के स्टाफ ने देखा कि मिल में आग लग गई है तत्पश्चात आनन-फानन में मिल मालिक को सूचना देते हुए। अन्नपूर्णा एग्रो राइस मिल के संचालक फोन करके मदद के लिए गुहार लगाई तत्पश्चात सरगुजा कोरिया के तीन दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया गया लगभग 10 लाख रुपए की क्षति बताई जा रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कवर्धा के विंध्यवासिनी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रायपुर (आरएनएस)।** पंचायत एवं स्वास्थ्य तथा कवर्धा जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने आज कवर्धा के प्राचीन विंध्यवासिनी मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख-शांति के लिए कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति पदाधिकारी लाल जी चंद्रवंशी व प्रशांत परिहार सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

### शिव मंदिर की दान पेटी से 12 हजार रूपये की चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के शीतला पारा रामनगर स्थित शिव मंदिर की दान पेटी से अज्ञात चोरों ने 12 हजार रूपये चोरी कर ले गया। गुढिय़ारी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4-5 अप्रैल की दरम्यानी रात को अज्ञात चोर शिव मंदिर में लगे ग्रील का ताला तोडक़र अंदर प्रवेश कर दान पेटी से करीब 12 हजार रूपये चोरी कर ले गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### टायर रिपेयरिंग की मशीन फटने से घायल हुए युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** टायर रिपेयरिंग की मशीन फटने से घायल हुए युवक की मौत हो गई। घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग 4 रावाभाठा में 31 मार्च की रात करीब 8 बजे मृतक मोह. केसर पिता मो. तनवीर 22 वर्ष निवासी सेमरिया विधानसभा बिना सुरक्षा के टायर रिपेयरिंग की मशीन अपडेट करने के दौरान मशीन फट गयी जिससे केसर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद केसर को अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां ईलाज के दौरान 6 अप्रैल को उसकी मौत हो गई।

## एल एन्ड टी कंपनी के यार्ड में डकैती मामले में फरार 1 आरोपी गिरफ्तार

- 12 अंतरराज्यीय अपराधियों ने दिया था घटना को अंजाम



**कोरबा।** गत 17 मार्च 2022 को रात में ग्राम केरवा, थाना करतला में स्थित एल एन्ड टी कंपनी के यार्ड में अज्ञात 10-12 लुटेरों द्वारा चौकीदार को बंधक बनाकर पावर ग्रिड में उपयोग होने वाले 5 बंडल कंडक्टर एवं एल्युमिनियम तार जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए है, डकैती डालकर भाग गए थे। इस मामले में कोरबा पुलिस ने 03 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था 01 अन्य आरोपी को मेवात हरियाणा से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी अनिमी बालाकृष्णा पिता रामाराव उम्र 31 वर्ष निवासी खरसिया के द्वारा थाना करतला में लिखित रिपोर्ट लिखाया कि एल एन टी कंपनी के द्वारा 765 के व्ही पावर ट्रांसमिशन के लिए टावर तथा तार बिछाने का काम तमनार से पावर ग्रिड भैसमा तक किया जा रहा है। उसमे उपयोग होने वाले सामग्रियों को ग्राम केरवा थाना करतला के पास यार्ड में रखा गया है। दिनांक 17 मार्च 2022 को है रात्रि करीब 11.30 बजे अज्ञात 10 से 12 व्यक्तियों के द्वारा वहां पर कार्यरत 02 चौकीदारों के हाथ पैर को बांधकर बंधक बनाकर 5 नग कंडक्टर व एल्यूमिनियम तार से भरा ड्रम को हाइड्रा मशीन की मदद से ट्रक में लोड कर लूट कर ले गए। थाना करतला में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप क्र 30/2022 धारा 395 भादवि पंजीबद्ध किया गया।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, सीएसपी कोरबा योगेश साहू के पर्यवेक्षण में अज्ञात आरोपीगण का पता लगाने हेतु थाना प्रभारी करतला राजेश चंद्रवंशी एवम सायबर सेल प्रभारी कृष्णा साहू के साथ विशेष टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे।

विशेष टीम के द्वारा घटना स्थल का मुआयना कर आरोपीगण के द्वारा घटना कारित करने के तरीके एवम साधनों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। पाया गया कि लूटा गया सामान काफी वजनी है जिसे किसी ट्रक के माध्यम से ही ले जाया गया होगा। अत: घटना स्थल की ओर आने जाने वाले सभी रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगालना प्रारम्भ किया गया। पता चला कि आरोपीगण एक सफेद रंग की कार में आये थे उनमें पीछे पीछे एक ट्रक चल रही थी जो उरगा कटघोरा होकर जाते हुए दिखी है, इस आधार पर टोल नाको पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की गई पाया गया ट्रक का नंबर आर जे-14 जीएफ -7178 है उसके आगे एक सफेद रंग का आई-20 कार चल रही है जिसका नम्बर आर जे 02 सीई 4361 है। आरटीओ से दोनों गाडिय़ों का डिटेल निकाला गया साथ ही पुलिस की टीम वाहनों के भागने के रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए आगे बढ़े उक्त वाहन कोरबा उत्तरप्रदेश होकर दिल्ली की ओर जाते हुए दिख रहा था इस आधार पर स्थानीय मुखबिरों की भी मदद ली गई।

इसी बीच मुखबिरों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुआ कि इस तरह का वारदात उत्तरप्रदेश राजस्थान और हरियाणा के बॉर्डर इलाके के अपराधियों द्वारा किया जाता है।

## एनटीपीसी कोरबा की मैत्री महिला समिति द्वारा सिलाई मशीन एवं कूलर का वितरण

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा की मैत्री महिला समिति द्वारा मैत्री बंधन कार्यक्रम के तहत सिलाई मशीन एवं कूलर का वितरण किया गया। यह वितरण निवेदिता बसु, अध्यक्ष मैत्री महिला समिति के कर कमलों द्वारा हुआ।

बालक बालगृह दर्री को कूलर एवं ग्रामीण महिलाओं को समिति द्वारा सिलाई मशीन वितरित की गयी। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने एवं उनके कौशल विकास के लिए मैत्री महिला समिति द्वारा ये सतत प्रयास किया गया।

उल्लेखनीय है कि परियोजना प्रभावित ग्राम छुरीखुर्द के महिलाओं को सहयोगी संस्था छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केन्द्र सेडमैप कोरबा द्वारा सिलाई मशीन का प्रशिक्षण दिया गया था। बालगृह दर्री में हुए वितरण कार्यक्रम में निवेदिता बसु द्वारा बालकों के उज्ज्वल भविष्य एवं अच्छे कार्य करने हेतु अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए संस्था के अनुकरणीय पहल प्रशंसा की एवं अपनी शुभ कामनाएँ दीं। कार्यक्रमों में मैत्री महिला समिति के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## अंबेडकर जयंती पर निकलेगी मोटर सायकिल रैली



**कोरबा।** बाबा साहब अंबेडकर के जंयती पर 14 अप्रेल को अगल अगल कई कार्यक्र मों होगें। सामाजिक मंच के द्वारा मोटर सायकिल रैली निकाली जाएगी। बसपा के द्वारा अलग अलग विधान सभा क्षेत्रों में कार्यक्रम होगें। भीम रेजिमेंट के द्वारा हरदीबाजार में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि बाबा साहब अंबेडकर की जयंती को भव्य रूप से मानाने के लिए सामाजिक मंच के द्वारा जोर दार तैयारी की जा रही है। बुधवारी बाजार शक्तिपीठ में लगातार बैठक हो रही है। सामाज के सभी वर्गो को बुलाकार एक समिति तैयार की गई है जिसमें जिला संयोग गोपाल भारती, जिलाध्यक्ष आरपी खाड़े, व महासचिव प्रवीण चंद पालिया को बनाया गया है। 14 अप्रेल को गौ माता चौक से मोटर सायकिल रैली निकाली जाएगी। यह रैली घंटाघर चौक में पहुंचकर सभा गुरप में परिवर्तित हो जाएगी। बसपा के द्वारा भी सभी चार विधान सभा क्षेत्रों में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये गये है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र में धनजंय चंद्रा, मूलचंद आजाद,कपील चौहन त्रवेणी भास्कर , देव पंकज,भगवती, संजय मिरी सहित अन्य कार्यक्रर्ता मौजूद रहेगें। कटघोरा विधान सभा क्षेत्र में नरेश अकेला, स<?>जीत कुर्रे, अनिता टंडन, श्याम सिंह, ह्श्वयारे सिंह, अमृता के द्वारा तैयारी की जा रहा है। हरदी बाजार में भी भीम रेजिमेंट जिला संयोग अनिल टंडन ह्श्वयारे लाल भारद्वाज ,राहूल सूर्यवंशी , रनजीत मंहिलागे के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## विवाह के लिए सहेजा लाखों का सामान, चोरों ने किया पार



**कोरबा।** अपराध नियंत्रण को लेकर हो रहे दावे और कोशिशों के बीच चोरी.-चकारी की घटनाएं जारी हैं। शहर के बुधवारी इलाके में पिछली रात चोरों ने एक मकान का ताला तोडक़र भीतर प्रवेश किया और भीतर से कई लाख का सामान पार कर दिया। परिवार ने अपनी बेटी के विवाह के लिए इन सामानों को सहेजा था। घटना क्रम से उसकी परेशानी बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार सामान्य कामकाज से वास्ता रखने वाले महेश सिंह बुधवारी क्षेत्र में निवासरत हैं। उन्होंने अपनी बड़ी बेटी के विवाह दो महीने बाद करना तय किया है। इसके लिए प्राथमिक तैयारियां की जा रही है और अन्य स्तर पर भी काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिंह परिवार के द्वारा विवाह से संबंधित आवश्यक खरीदारी की गई है। इस पर परिवार ने कई लाख रुपए निवेश किये हैं ताकि बाद की झंझट से बचा जा सके। बताया गया कि महंगे सामानों को आलामारी में रखा गया था। हाल में ही परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। गत् दिवस उनके निवास पर चोरी की घटना हो गई। अज्ञात तत्वों ने भीतर घुसकर आलमारी में रखे कई लाख के सामान पार कर दिए। ये सोने और चांदी के बताए जाते हैं। इसके अलावा कई तरह के सामान पार हुए हैं। आज सुबह परिवार को इसकी जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। चिंता इस बात की है कि नए सिरे से व्यवस्था कैसे की जाए। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग यहां पहुंचे और तसल्ली दी। रामपुर पुलिस को इस संबंध में अवगत कराया गया है। खबर के अनुसार इसी इलाके में एक और स्थान पर चोरी की घटना हुई है जिसमें एक व्यक्ति का महंगा मोबाइल पार कर दिया गया। कुछ समय पहले तक चोरी की घटनाएं खबराभटठा क्षेत्र में लगातार हो रही थी। अब वहां पर विराम लगने के साथ चोरों ने नजदीकी हिस्से को निशाने पर लिया है।

## बालको ने सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए अपनाई एक्टेंडेड रिएलिटी तकनीक



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने कर्मचारियों और व्यवसाय के साझेदारों को सुरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए संयंत्र परिसर में एक्सटेंडेड रिएलिटी तकनीक की स्थापना की है। सिम्यूलेशन आधारित प्रशिक्षण तकनीक में वर्चुअल रिएलिटी, ऑगमेंटेड रिएलिटी और मिक्स्ड रिएलिटी तकनीकों का मिश्रण है। इसकी मदद से प्रशिक्षण लेने वाले कर्मचारियों को वास्तविक रूप से कार्य क्षेत्र में उपस्थित हुए बिना ही उस कार्य क्षेत्र से संबंधित सुरक्षा के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित होती है। ऊंचाई पर कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों से संबंधित मॉड्यूल के साथ बालको में प्रशिक्षण की शुरूआत हो चुकी है। इसके अलावा संकरे स्थान, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, फॉर्कलिफ्ट ड्राइविंग, पैदल चलने के दौरान सुरक्षा और अग्निशामक उपकरणों के प्रयोग संबंधी प्रशिक्षण मॉड्यूल क्रियान्वित किए जाएंगे।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने सुरक्षा के महत्व पर कहा कि ''कार्यस्थल पर किसी भी तरह की असुरक्षित गतिविधि को पूर्ण रूप से नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक कर्मचारी को सशक्त बनाया जा रहा है। इसके जरिए 'शून्य क्षति'की नीति के अनुरूप संयंत्र को सबसे सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण प्रबंधन के कार्डिनल नियमों को अपनाते हुए बालको परिवार के सदस्य सुरक्षित कार्यशैली के प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सभी की सहभागिता और औद्योगिक सुरक्षा को पुख्ता बनाने की दिशा में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों को अपनाकर 'सुरक्षा प्रथम' कार्य संस्कृति की स्थापना में मदद मिली है।''

कार्यस्थल पर सुरक्षा मानदंडों के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए बालको ने ड्यूपॉन्ट सस्टेनिबिलिटी सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी की है। औद्योगिक सुरक्षा के सराहनीय प्रबंधन के लिए बालको ने वर्ष 2017, वर्ष 2018 और वर्ष 2019 के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (खदान) प्राप्त किए।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## कलेक्टर साहू ने मदनपुर पहुंचकर शासकीय राशन दुकान एवं गौठान का किया निरीक्षण

- ग्रामीणों को फोर्टिफाइड चांवल के लाभ के बारे में किया जागरुक
- गौठान में महिलाओं द्वारा किये जा रहे आजीविका गतिविधियों का लिया जायजा



**कोरबा।** कलेक्टर रानू साहू ने विकासखण्ड पाली के ग्राम पंचायत मदनपुर पहुंचकर शासकीय राशन दुकान और गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर साहू नें मदनपुर में स्थित राशन दुकान में ग्रामीणों को दिये जा रहे खाद्य सामग्री चावल, शक्कर, नमक आदि की वितरण की जानकारी दुकान प्रभारी से ली। उन्होनें ग्रामीणों को दिये जा रहे फोर्टिफाइड चांवल वितरण की भी जानकारी ली। कलेक्टर साहू ने ग्रामीणों से भी राशन वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि प्लास्टिक चांवल की बाते भ्रामक है। फोर्टिफाइड चांवल पौष्टिक तत्वों से भरपूर है। यह चांवल कुपोषण से लडऩे में कारगर है। फोर्टिफाइड चांवल में आवश्यक मात्रा में पोषक तत्व मिले होने के कारण यह चिपचिपा और लचीला होता है। उन्होंने राशन दुकान में खाद्य सामग्री लेने आए ग्रामीणों से राशन की गुणवत्ता तथा समय पर राशन मिलने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दुकान प्रभारी को समय पर हितग्राहियों को सही गुणवत्ता के खाद्य सामग्रियों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने शासकीय राशन दुकान ढेलवाडीह के औचक निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को वितरण किए जाने वाले चावल, चना, शक्कर, नमक आदि के स्टॉक को भी देखा। उन्होंने राशन दुकान तक आने में असमर्थ बुजुर्ग हितग्राहियों को राशन पहुंचाने के लिए नॉमिनी नियुक्त करने के निर्देश दिए। जिससे बुजुर्गों को राशन दुकान तक आना नहीं पड़ेगा और उनके राशन को नॉमिनी के द्वारा उठाव कर हितग्राही बुजुर्ग तक पहुंचाया जा सकेगा। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवर, पाली अनुविभाग के एस.डी.एम. ममता यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

कलेक्टर साहू ने अनुविभाग पाली प्रवास के दौरान ग्राम मदनपुर में संचालित गौठान का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर नें गौठान में संचालित आजीविका संबंधी गतिविधियों के साथ-साथ पशुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं और चारागाह का भी अवलोकन किया। उन्होंने गौठान में पहुंचकर महिला स्वसहायता समूहों द्वारा किए जा रहे आजीविका संवर्धन के कामों की जानकारी ली। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे गोबर खरीदी और गोबर से वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के बारे में भी जानकारी ली। मदनपुर गौठान में कार्यरत शक्ति स्व. सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि समूह द्वारा लगभग 02 लाख 60 हजार रूपये का वर्मी खाद बनाकर बेचा जा चुका है।